सत्यमेव जयते

झारखण्ड गजट

असाधारण अंक

झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

29 फाल्गुन, 1947 (श०)

संख्या - 126 राँची, शुक्रवार, 20 मार्च, 2026 (ई०)

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ।

अधिसूचना

13 मार्च, 2026

सं०-19/FSL (01)-01/2025-1070--केन्द्रीय परीक्षा समिति, राजस्व पर्षद, झारखण्ड, राँची के पत्रांक-600, दिनांक-12.06.2023 के आलोक में झारखण्ड राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला सेवा नियामवली, 2019 के कंडिका-11 "सम्पुष्टि" के तहत राज्य विधि विज्ञान निदेशालय एवं प्रयोगशाला, झारखण्ड, राँची में कार्यरत सहायक निदेशकों के लिए आयोजित की जाने वाली विभागीय परीक्षा हेतु विषय, पूर्णांक, उत्तीर्णांक एवं समयावधि निर्धारित किया जाना विचाराधीन है।

2. झारखण्ड राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला सेवा नियमावली, 2019 की कंडिका-11 "सम्पुष्टि" के तहत निम्नलिखित प्रावधान अंकित है :-

सहायक निदेशकों / वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारियों की सेवा संपुष्टि हेतु (1) हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण परीक्षा (2) किसी एक जनजातीय भाषा (कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा अधिसूचित) (3) लेखा परीक्षा एवं (4) विभागीय परीक्षा (झारखण्ड सेवा संहिता, वित्त संहिता, कोषागार संहिता, सरकारी सेवक नियमावली, पेंशन नियमावली, छुट्टी नियमावली, यात्रा भत्ता नियमावली, आदि) में उत्तीर्णता आवश्यक होगी। जिसका आयोजन राजस्व पर्षद द्वारा किया जायेगा ।

3. तदलोक में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची एवं राजस्व पर्षद से प्राप्त परामर्श एवं सहमति के आलोक में झारखण्ड राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला सेवा नियमावली-2019 के संबंधित संवर्ग हेतु विभागीय परीक्षा के विषय एवं पाठ्यक्रम आदि का निर्धारण निम्नवत किया जाता है :-

क्र०सं०	विषय		पूर्णांक	उत्तीर्णांक		समयावधि
1	Law Part 1 or Criminal Law and Law of Evidence	without Books	100	Lower Standard 40	Higher Standard 60	1.5 घंटा
		With Book	100	*	60	1.5 घंटा
2	लेखा (पुस्तक रहित)		100	50		1.30 घंटा
3	लेखा (पुस्तक सहित)		100	50		1.30 घंटा
4	हिन्दी (लिखित) हिन्दी (मौखिक)		200 100	120 60		3 घंटा ---
5	Forensic (पुस्तक रहित) (सभी प्रशाखाओं के लिए अनिवार्य)	Subjective	100	40	60	3 घंटा
6	जनजातीय भाषा (लिखित) संथाली/मुंडारी/उरॉव/हो जनजातीय भाषा (मौखिक) संथाली/मुंडारी/उरॉव/हो		100	60 उच्च स्तर 50 निम्न स्तर 60 उच्च स्तर 50 निम्न स्तर		3 घंटा

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों हेतु निर्धारित विभागीय परीक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम (Forensic विषय छोड़कर) राज्य विधि विज्ञान निदेशालय एवं प्रयोगशाला, झारखण्ड, राँची के सहायक निदेशक/वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी हेतु उक्त विभागीय परीक्षा (Forensic विषय छोड़कर अन्य विषयों) के लिए समरूप होगा।

4. Forensic (पुस्तक रहित) (सभी प्रशाखाओं के लिए अनिवार्य) विषय हेतु विस्तृत पाठ्यक्रम परिशिष्ट-1 के रूप में संलग्न है।

5. प्रस्तावित संशोधन के उपरांत झारखण्ड राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला सेवा नियमावली, 2019 इस हद तक संशोधित समझा जायेगा।

6. प्रस्ताव पर मंत्रीपरीषद की बैठक दिनांक-24.02.2026 में मद संख्या-02 के रूप में सम्मिलित करते हुए स्वीकृत।

वंदना दादेल,
सरकार के अपर मुख्य सचिव ।

अधीक्षक, झारखण्ड राजकीय मुद्रणालय, राँची द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित,
झारखण्ड गजट (असाधारण) 126 - 50